दिनांक : 29.07.2725 समय : 0710pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेश
प्रादेशिक समाचार

**मुख्य समाचार :–**

- लोकसभा में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के जवाब में प्रधानमंत्री ने कहा– पहलगाम हमला देश में हिंसा फैलाने की थी साजिश।
- मुख्यमंत्री ने कहा पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए मजबूती से खड़ी है राज्य सरकार।
- राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में 4 विधयकों को दी मंजूरी, इसी सत्र में लाये जायेंगे विधेयक।
- प्रदेश के कई हिस्सों में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित, रायसेन, नर्मदापुरम और हरदा जिलों में भारी बारिश का रेड अलर्ट।

**अब समाचार विस्तार सेः–**

## ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री

लोकसभा में जारी ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा में हिस्सा लेते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, कि 22 अप्रैल को पहलगाम में जो क्रूर घटना घटी, वो क्रूरता की पराकाष्ठा थी। उन्होंने कहा कि यह देश को हिंसा की आग में झोंकने का एक सोचा-समझा प्रयास था।

बाईट- प्रधानमंत्री, नरेन्द्र मोदी

## लोकसभा- ऑपरेशन सिंदूर

इससे पहले लोकसभा में आज ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा फिर से शुरू हुई। गृह मंत्री अमित शाह ने चर्चा में भाग लेते हुए, कहा कि कल ऑपरेशन महादेव के दौरान, भारतीय सेना, सीआरपीएफ और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पहलगाम आतंकी हमले में शामिल तीन आतंकवादियों को मार गिराया। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों के पास से तीन राइफलें जब्त की गईं, जिनका इस्तेमाल पहलगाम आतंकी हमले में किया गया था। चर्चा में पक्ष–विपक्ष के कई नेताओं ने अपने विचार रखे।

## ऑपरेशन महादेव

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में घोषणा की कि पहलगाम हमले में शामिल सभी 3 आतंकवादी ऑपरेशन महादेव में मारे गए। की खबर से इस हमले के पीड़ित परिवारों ने सरकार को धन्यवाद दिया है।। हमले में शहीद हुए पुणे के संतोष जगदाले

की बेटी असावरी जगदाले, ने कहा, "मैं भारतीय सेना और भारत सरकार का धन्यवाद करती हूं। आज उन 26 लोगों को शांति मिलेगी।

**मुख्यमंत्री आरक्षण**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि है कि राज्य सरकार पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए समर्थन में मजबूती से खड़ी है। भोपाल में विधानसभा परिसर में मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा कि कांग्रेस समाज को भड़काने का काम करती है, जाति जनगणना न कराना कांग्रेस का ही सबसे बड़ा पाप है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 13% लंबित पदों पर अभ्यर्थियों को उनकी योग्यता के आधार पर उनका हक दिलाने हेतु प्रतिबद्ध है।

**कैबिनेट बैठक निर्णय**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई राज्य मंत्री परिषद की बैठक में चार विधेयकों को मंजूरी दी गई। इन विधेयकों को इसी विधानसभा सत्र में पेश किया जाना है। इसके साथ ही सरकार ने बाबई मोहासा में उद्योग के लिए आरक्षित जमीन में छूट देने का भी फैसला किया है। जन विश्वास संशोधन विधेयक 2025, माध्यमस्थ अधिकरण संशोधन विधेयक, दुकान स्थापना अधिनियम संशोधन विधेयक, कारखाना अधिनियम संशोधन विधेयक को मंजूरी दी गई है। कैबिनेट बैठक में विक्रमपुरी इंडस्ट्रियल एरिया में गांवों की भूमि का भू-अर्जन करने को लेकर भी चर्चा हुई है और इसे मंजूरी दी गई है। बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जन्माष्टमी के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि 11 से 13 अक्टूबर तक भोपाल में मध्यप्रदेश ट्रैवल मार्ट का आयोजन किया जाएगा। 12-13 अगस्त को ग्वालियर और 20-21 सितम्बर को इंदौर में रीजनल टूरिज्म कॉन्क्लेव का आयोजन होगा।

**विधानसभा**

विधानसभा के मानसून सत्र के दूसरे दिन आज विपक्ष के हंगामे के बीच ही वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा ने प्रथम अनुपूरक अनुमान भी सदन में रखा। इस पर अध्यक्ष ने 30 जुलाई को चर्चा के लिए दो घंटे का समय नियत किया है। पंचायत मंत्री प्रहलाद पटेल ने प्रदेश के 43 जिलों में पंचायत भवन बनाने के लिए राशि की मांग रखी। ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अजय सिंह

ने प्रदेश में निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वसूलने तथा चयनित दुकानों से ही किताबें और गणवेश खरीदने के दबाब बनाने का मामला उठाया। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने पेंशन की राशि को लाड़ली बहना योजना की तरह बढ़ाने की मांग रखी। विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्रसिंह तोमर ने सदन को बताया कि विधानसभा में प्रदेश के सभी दिवंगत मुख्यमंत्री तथा विधानसभा अध्यक्षों की जयंती मनाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इन विभूतियों के जन्मदिवस के दिन सदन में उनकी फोटो लगेगी तथा पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी।

**नई शिक्षा नीति**

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-एनईपी 2020, विश्वस्तरीय शिक्षा को सार्वभौमिक रूप से बढ़ावा देने के लिए तैयार की गई एक दार्शनिक रूपरेखा के रूप में कार्य करती है। यह विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में सबसे महत्वपूर्ण माध्यम बन गई है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागु होने के पांच वर्ष पूर्ण होने पर नई दिल्ली में आयोजित अखिल भारतीय शिक्षा समागम को संबोधित करते हुए श्री प्रधान ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति भारतीय शिक्षा प्रणाली में एक परिवर्तनकारी पुनर्जागरण का प्रतिनिधित्व करती है। उन्होंने कहा कि यह नीति मातृभाषा में शिक्षा को आगे बढ़ाने की दिशा में प्रयास करती है।

**नागपंचमी**

प्रदेश में आज नागपंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस मौके पर शिवालयों और नाग मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना की जा रही है। उज्जैन में महाकालेश्वर मंदिर के दूसरे तल पर स्थित प्रसिद्ध नागचंद्रेश्वर मंदिर में दोपहर 12 बजे शासकीय पूजन किया गया। यहां अब तक पांच लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए है। इस मंदिर के पट हर साल सिर्फ एक बार नागपंचमी के दिन 24 घंटे के लिए खोले जाते हैं। नर्मदापुरम के नागद्वारी में भी लाखो भक्तों ने आज दर्शन किए । डिंडोरी में घरों में गोबर से नाग की आकृति बनाकर उनकी पूजा की गई। ग्रामीण इलाकों में कुश्ती का भी आयोजन हुआ। जबलपुर में वन विभाग ने नागपंचमी के दौरान सांपों के साथ होने वाले दुर्व्यवहार को रोकने के लिए जागरूकता अभियान चलाया है।

**मौसम**

लगातार हो रही बारिश से विदिशा, रायसेन, शिवपुरी, विदिया, दमोह, सागर और नरसिंहपुर की कई कालोनियों और गॉवों में पानी भर गया है। कई जिलों में स्कूलों में छुटिट्यां घोषित कर दी गई है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में रायसेन, नर्मदापुरम और हरदा जिलों के लिए अत्यधिक भारी वर्षा का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं भोपाल, देवास, छिन्दवाड़ा सहित 13 जिलों में अति भारी बारिश का आरेंज अलर्ट है। अन्य जिलों में वर्षा के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार बैतूल, भिंड, देवास, हरदा, खंडवा, शाजापुर जिलों में अचानक बाढ़ का खतरा संभव है। इस बीच प्रदेश में सर्वाधिक बारिश गुना, रायसेन और राजगढ़ जिलों में दर्ज की गई। गुना के चाचोड़ा में 8 इंच बारिश हुई है। भोपाल में कल रात लगातार तेज बारिश जारी है। जिससे कई सड़कों पर पानी भर गया है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल ने हाई स्कूल की द्‍वितीय मुख्य परीक्षा का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया है। मंगलवार को जारी हुए परीक्षा परिणाम में नियमित 42 फ़ीसदी और प्राइवेट 32 फ़ीसदी परीक्षार्थी पास हुए।
- भोपाल के ईदगाह हिल्स स्थित जिला रोजगार कार्यालय में युवा संगम रोजगार मेला का आयोजन कल किया जाएगा। इसमें 13 मल्टिनेशनल कंपनियां शामिल होंगी।
- अशोकनगर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत हृदय रोग से पीड़ित बच्चों की जिला अस्पताल में आज निशुल्क जांच की गई ।
- **खंडवा** कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई कार्यक्रम के तहत नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनके निराकरण के लिए उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए।

-----------